तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4




पॉवर हाउस रोड में यातायात नियमों का नहीं हो रहा है पालन, खुलेआम दौड़ रही हैं बसें

## खबर संक्षेप

### स्व. महतो स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**कोरबा।** स्वर्गीय डॉ. बंशी लाल महतो स्मृति राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 अप्रैल से होगा, जिसमें प्रदेश भर की 32 टीमें भाग लेंगी। इस आयोजन की विशेष बात यह है कि इसकी शुरुआत दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट मैच से होगी। टूर्नामेंट की शुरुआत शाम 6 बजे होगी, पहला मैच दो दिव्यांग व्हील चेयर क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा। तत्पश्चात रात 8 बजे से कोरबा पुलिस प्रशासन और कोरबा प्रेस क्लब (प्रेस 11) की टीमों के बीच मैत्री मैच खेला जाएगा।

### चार पहिया वाहन एवं ई-रिक्सा चालन प्रशिक्षण का आयोजन

**कोरबा।** भारतीय स्टेट बैंक व जिला पंचायत कोरबा के तत्वाधान में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी कोरबा द्वारा 15 अप्रैल से 14 मई तक महिलाओं को चार पहिया वाहन चालन एवं दो पहिया वाहन मरम्मत प्रशिक्षण का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जावेगा। इस प्रशिक्षण का लाभ ग्रामीण अंचल के बीपीएल परिवार के युवक एवं युवतियों (उम्र 18 से 45 और न्युनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण) को दिया जावेगा। 30 दिनों के प्रशिक्षण में चार पहिया वाहन चालन एवं दो पहिया वाहन मरम्मत प्रशिक्षण सिखाया जाएगा। आवास एंव भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क होगी। इच्छुक अभ्यर्थी पांच पासपोर्ट फोटो, परिचय पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, और अंकसूची की छायाप्रति के साथ भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, हाउसिंग बोर्ड रोड, पंजीयक कार्यालय के बगल, कोरबा में संपर्क कर सकते है। इच्छुक आवेदक आवेदन फार्म 14 अप्रैल तक कार्यालय में अवश्य जमा कर देवें।

### भिलाईबाजार में अंबेडकर जयंती की तैयारी जोरशोर से

**भिलाईबाजार।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती समारोह का भव्य आयोजन कटघोरा विकासखंड के ग्राम भिलाईबाजार में 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर चौक भिलाईबाजार में आयोजित की गई है। कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजक समिति द्वारा निर्धारित की गई है। जिसमें सुबह 10 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो डॉ अंबेडकर चौक पूर्व माध्यमिक शाला भिलाईबाजार के पास से नगर भ्रमण करते हुए पुनः उसी स्थान पर आकर आमसभा के रूप में तब्दील होगा। तदुपरांत संध्या 7 बजे से मंचीय कार्यक्रम अतिथियों के स्वागत एवं उद्बोधन के साथ प्रारंभ होगा। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह को आमंत्रित किया गया है।

### पोड़ी में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का हुआ सम्मेलन

**कोरबा।** पोड़ी ब्लॉक के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोड़ी मण्डल, सिरमिना मण्डल, पसान मण्डल एवं चोटिया मण्डल के सक्रिय सदस्य गण शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान बड़ी संख्या में सक्रिय महिला सदस्य भी नजर आई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ज्योतिनंद दुबे, पवन गर्ग, हितानंद अग्रवाल ने विषय लिया। हितानंद अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में पिछले 11 वर्षों से चल रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए सभी को जनता के बीच जाकर चल रही योजनाओं एवं कार्यकलापों के बारे में जनता को बताने के बारे में बात की। जिससे जनता के बीच जागरूकता का माहौल पैदा हो। कार्यक्रम के दौरान कुछ नए लोगों ने सदस्य के रूप में उपस्थित अतिथियों के हाथों भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम को भाजपा नेता ज्योतिनंद दुबे ने भी संबोधित किया। इस दौरान जगदीश नागवंशी, बीरबल मरावी, विजय चौहान, किरण मरकाम, माधुरी देवी, प्रताप सिंह मरावी सहित अन्य उपस्थित थे।



कोरबा। केंद्रीय कोयला मंत्री गुरुवार को क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने खदान का निरीक्षण किया।



राज्य के उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कोयला मंत्री श्री रेड्डी मुलाकात की।



कोयला मंत्री कोलकर्मियों के साथ सेल्फी ली।

# निगम ने 6 बकायादारों के 19 भवनों व दुकानों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों को सील किए जाने की कार्यवाही लगातार जारी है। निगम के टास्क फोर्स दल के द्वारा कार्यवाही करते हुए 6 बड़े बकायादारों के 19 भवनों, दुकानों आदि को सील किया गया। वहीं दूसरी ओर इस कार्यवाही के परिणाम स्वरूप बकायादारों द्वारा बकाया कर राशि जमा कराए जाने में अपेक्षित तेजी आई जिससे गुरूवार को ही 14 लाख रूपये की बकाया कर राशि निगम कोष में जमा कराई गई है। नगर निगम को सम्पत्तिकर सहित अन्य करों व भवन, दुकान किराया आदि की करोड़ों रूपये की बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त करनी है, इन बडे. बकायादारों को बार-बार नोटिस देने व वारंट जारी करने के बावजूद भी उनके द्वारा बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही। निगम को देय विभिन्न करों को समय पर निगम कोष जमा कराने की जवाबदारी स्वयं करदाता की होती है। ताकि समय पर करों का भुगतान हो सके तथा करों की बकाया राशि में अनावश्यक वृद्धि न हों, किन्तु निगम के राजस्व अमले द्वारा इन बकायादारों से बार-बार आग्रह किए जाने के बावजूद कर की राशि जमा नहीं कराई जाती, जिससे निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। कार्य दल द्वारा आज निगम के इन बडे.बकायादारों की सम्पत्तियों को सील करने की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई तथा 6 बडे. बकायादारों की 19 भवन दुकान को सील किया गया। टास्क फोर्स दल के द्वारा की जा रही इस कार्यवाही परिणाम स्वरूप बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा कराने में आज तेजी आई तथा 14 लाख रूपये की बकाया राशि निगम कोष में उनके द्वारा जमा कराई गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सभी बकायादारों से कहा है कि निगम के देय करों की बकाया राशि तत्काल निगम कोष में जमा कराएं तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी कायवाही से होने वाली असुविधा बचें।

**खास बातें**

- बड़े बकायादारों की संपत्तियों को सील करने की कार्यवाही जारी
- बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा कराने में आई तेजी, 14 लाख की राशि हुई जमा



दुकान को सील करता निगम का अमला।

**तीन जोन में सीलिंग की कार्रवाई**

निगम के टास्क फोर्स द्वारा जिन 19 भवन दुकानों को सील किया गया उनमें टीपी नगर जोनांतर्गत 1 मकान व सिटी सेंटर मॉल की 9 दुकानें, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत 1 पोल्ट्री फार्म, 1 मकान, 5 दुकान व 1 फर्नीचर शॉप तथा कोरबा जोन के अंतर्गत अभिनंदन काम्पलेक्स स्थित जिम को सील किया गया।

# मौसम ने ली करवट, तेज आंधी के साथ जमकर बारिश, बिजली व्यवस्था ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम के लगातार बदलते तेवर की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को एक बार फिर से मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई। जिसके चलते शहर की विद्युत व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई। व्यवस्था को दुरुस्त करने में कई घंटे का वक्त लग गया।

आंधी तूफान की वजह से शहर के कई इलाकों में घंटों व्यवस्था बाधित रही। बुधवार की शाम लगभग 4:30 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी तूफान शुरू हो गया। लगभग आधे घंटे तक आंधी का दौर जारी रहा। इस दौरान पूरा शहर धूल के गुबार से ढका नजर आ रहा था। चारों तरफ धूल ही धूल नजर आ रहे थे। वहीं आधे घंटे तक आंधी तूफान चलने के उपरांत झमाझम बारिश हुई। आंधी तूफान चलने की वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई थी। बताया जाता है कि कई इलाकों में विद्युत प्रवाहित तारों में विद्युत पोल धराशाही हो गए थे। जिसकी वजह से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई। देर शाम तक लगभग 8 बजे तक शहर के टीपी नगर इलाके में विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी। शहर के अलग-अलग इलाकों में विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने में विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को घंटे मशक्कत करनी पड़ी और किसी तरह देर रात को विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका।



झमाझम बारिश के दौरान सड़क में जाता बाइक सवार।

# उधारी को लेकर भाई से विवाद विवाहिता ने कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विवाहिता ने अपने सगे भाई को उधार में रकम दे रखी थी जहां रकम वापस न करने पर भाई बहन के बीच फोन पर कहासुनी हुई थी जिससे परेशान होकर विवाहिता ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जहां उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पथर्रीपारा निवासी सविता बरेठ 38 वर्ष पिता रामू बरेठ ने विगत दिनों अपने घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। तबियत बिगड़ने पर परिजनों को जब पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह सविता बरेठ की मौत हो गई है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी श्री कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान बात सामने आयी है कि सविता बरेठ ने झारखंड में निवास करने वाले अपने भाई को उधार में 30 हजार रुपए नगद रकम दे रखा था।

### साइट से कम्प्यूटर सहित अन्य सामानों की चोरी

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरदा में मेसर्स जी आर इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें ग्राम जैतपुरा जिला आरा (बिहार) का निवासी पवन कुमार पाण्डे उम्र 26 वर्ष पिता शशिकांत पाण्डे सुरक्षा अधिकारी के रुप में कार्य करता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा बिलासपुर से उरगा एनएच 130 ए भारतमाला परियोजना के नवनिर्माण का कार्योदेश मिला है जिसे मेसर्स जी आर इन्फ्रा प्रा लि के द्वारा कार्य को पूरा करने के लिए ग्राम तरदा में अस्थाई बेस बैम्प एवं आर एम सी प्लांट स्थापित किया गया है। जिसमे साईड से 5 से 8 अप्रैल के बीच रात में किसी अज्ञात चोर के द्वारा आर एम सी प्लांट मे लगा हुआ।

# पानी टंकी के ऊपर सोया था मजदूर, नीचे गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक मजदूर रात को पानी टंकी के ऊपर सोया हुआ था लेकिन जब सुबह हुई तो उसकी लाश नीचे पड़ी मिली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधिया में निर्माणाधीन पानी टंकी के ऊपर ग्राम वासुदेव जिला सहारनपुर (बिहार) निवासी महेश्वर शर्मा पिता सजल शर्मा सिंधिया गांव में बन रही पानी टंकी के निर्माण कार्य में मजदूर के तौर पर कार्यरत था। बुधवार की रात महेश्वर सो रहा था। सुबह उसका शव टंकी के नीचे पाया गया, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह संभवतः रात के समय टंकी से गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक के अन्य साथियों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके। इसके साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने मामले को संदिग्ध मृत्यु के तौर पर दर्ज किया है और जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



मृतक महेश्वर शर्मा का शव।



## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निःशुल्क इलाज रविवार को

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 13 अप्रैल को मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं दवा वितरण किया जाएगा। पूर्व सीएमओ डॉ. राजेश शुक्ला, एमडी मेडिसीन डॉ. बीआर होतचंदानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता जायसवाल सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### अग्निवीर भर्ती आवेदन की तारीख 25 तक बढ़ी

**बिलासपुर।** इंडियन आर्मी ज्वाइन करने की चाहत रखने वाले युवाओं को एक और मौका मिलने जा रहा है। अग्निवीर भर्ती के आवेदन की आखिरी तारीख जो 10 अप्रैल थी उसे 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर मौजूद है। इसी वेबसाइट पर आवेदन करना होगा।

### संभागायुक्त ने सुशासन तिहार शिविरों का लिया जायज़ा

**बिलासपुर।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने सुशासन तिहार के तहत बिलासपुर नगर निगम के तोरवा क्षेत्र के सामुदायिक भवन में संचालित आवेदन प्राप्ति का निरीक्षण किया गया। यहां अभी तक 27 आवेदन प्राप्त होना बताया गया। प्राप्त आवेदन का पंजीयन किया जा रहा है । आवेदन में मांग ज़्यादा है, शिकायत कम आई है। संभागायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने कहा ताकि लोग आवेदन कर सकें । 11 अप्रैल को आवेदन देने की अंतिम तिथि है। इसके पश्चात विकासखंड मस्तूरी के दर्रीघाट पंचायत में निरीक्षण में अब तक 167 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें भूमिहीन कृषि मज़दूर योजना के तहत मांग और शौचालय की मांग ज्यादा है। उपस्थित एसडीएम प्रवेश पैकरा को धान खरीदी केंद्र निरीक्षण करने भी संभागायुक्त ने निर्देशित किया क्योंकि इसके सड़क की मांग भी आई थी। संभागायुक्त ने जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा के अमरताल ग्राम पंचायत में भी आवेदन प्राप्ति का निरीक्षण किया, जिसमें अब तक 136 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी को ऑनलाइन करने निर्देशित किया गया।

### मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण करने डीईओ पहुंचे

**बिलासपुर।** स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय हायर सेकेंडरी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। जिसका निरीक्षण करने गुरूवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य डॉ. प्रफुल्ल शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी पहुंचे। जहां उन्हें केन्द्र का मूल्यांकन कार्य संतोषजनक मिला। सभी मूल्यांकनकर्ता अपना मूल्याकंन कार्य सावधानी पूर्वक करते पाए गए। हायर सेकेंडरी का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो गया। वहीं हाईस्कूल में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं हायर सेकंडरी व्यवसायिक कृषि विषय का मूल्यांकन शेष है। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अरविंद कौशिक एवं सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अरविन्द चंदेल, मुख्य परीक्षक जीतेन्द्र खोबरागड़े, सुपरवाइजर, डॉ.पूनम सिंह आदि उपस्थित थे।

### वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक

**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल की प्रथम बैठक समता कॉलोनी स्थित अमर बंसल के कार्यालय में संपन्न हुई। वन्दे मातरम् मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने वन्दे मातरम् मित्र मंडल की स्थापना क्यों हुई एवं अभी तक की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने बताया कि 2 मई 2021 को पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम आने के बाद जिस प्रकार से हिंदुओं के ऊपर अत्याचार किए गए उनके घरों में आग लगाई गई, बहन बेटियों के साथ अत्याचार बलात्कार किए गए उन घटनाओं ने कश्मीर में 1990 की याद ताजा कर दी। उन्हीं घटनाओं से वन्दे मातरम् मित्र मंडल का उद्भव हुआ, उस दिन का इंतजार न किया जाए कि जिस दिन हमारी बेटी बलात्कार का शिकार होगी जिस दिन हमारी संपत्ति को आग लगाई जाएगी उसी दिन हम कुछ सोचेंगे या कुछ करेंगे।

# बादलों की आवाजाही के बाद शाम को बदला मौसम, बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में एक बार फिर उतार चढ़ाव जारी है, दो दिनों से आसमान पर बादल मंडराने लगे हैं, गुरूवार शाम अचानक गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। इस दौरान दिन भर गर्मी अपने पूरे शबाब में रही और अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शाम को हुई बारिश के बाद लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली। बारिश देर रात तक होती रही।

जानकारों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के 13 जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं, आसमान पर बादल मंडराते रहेंगे, लेकिन गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद कम है। प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में परिवर्तन हो रहा है। जिले में भी इसका असर देखा जा रहा है। सुबह से तीखी धूप रही और पारा 40 के करीब रहा, लेकिन दोपहर बाद तेज हवाएं चलने लगी और आसमान में बादल छाने लगे। रायपुर और सरगुजा संभाग में पश्चिमी विक्षोभ का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है।

विभाग ने प्रदेश के 13 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया और इस दौरान गरज चमक के साथ अंधड़ चलने का अलर्ट जारी किया गया है। यह स्थिति अगले 3 दिनों तक रह सकती है। गुरूवार की शाम जिले में मौसम अचानक बदल गया और आसमान पर बादल छाने के बाद गरज चमक के साथ हल्की बारिश हुई। देर रात तक शहर और आसपास के इलाके में गरज चमक के साथ बारिश होती रही।

**39.4 डिग्री रहा अधिकतम तापमान**



गुरुवार की रात बारिश से भीगी सड़क।

### शहर में लू जैसी स्थिति

बिलासपुर में मौसम ड्राई बना हुआ है। गुरूवार को दिन में धूप का असर तेज रहा, जिसके चलते दोपहर को लू का एहसास हुआ। शाम को बादल छाए, हवाएं भी चली। फिर भी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ड्राई बना रहेगा।

### तीसरे, चौथे सप्ताह में होगी तेज गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अप्रैल का तीसरा और चौथा सप्ताह तेज गर्मी वाला होगा। इस दौरान हीट वेव की स्थिति बनने की संभावना रहेगी। दिन का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। तापमान 43-44 डिग्री और उसके आसपास पहुंच सकता है। वहीं रात में भी गर्म हवा के थपेड़े महसूस होगी। इस साल अप्रैल में दिन और रात का तापमान सामान्य से थोड़ा ज्यादा रहेगा।

## बिजली की आंखमिचौली जारी,फ्यूज कॉल में नहीं उठ रहा फोन

गर्मी आते ही बिजली की समस्या एक बार फिर सिर उठाने लगी है। ग्रामीण अंचलों की तरह शहर में भी बिजली की लुकाछिपी उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। इस दौरान ट्रांसफार्मर खराब होने और डियो गिरने की समस्या के चलते लगातार बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। सिटी सर्किल में बिजली गुल होने की समस्या आम हो चुकी है। सरकंडा, जूना बिलासपुर, कतियापारा, देवरीखुर्द, मंगला, सकरी जैसे क्षेत्रों में लगातार ट्रींपिंग आने के कारण घंटों बिजली बंद हो रही है। खास बात यह है कि गर्मी बढ़ते ही दिन के साथ ही रात में भी ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं। गुरूवार को इंशुलेटर खराब होने के कारण सुबह 8 बजे से 9 बजे तक अग्रसेन चौक, करबला क्षेत्र की बिजली बंद रही, इसके साथ ही अशोक नगर, सरकंडा क्षेत्र में दिन में कई बार बिजली आती व जाती रही। मंगला में शाम होते ही बिजली सप्लाई ठप रही। इस दौरान करीब 1 घंटे तक बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। बताया जा रहा है कि



टिकरापारा क्षेत्र में इन दिनों लगातार बिजली बंद की शिकायत मिल रही है, जिसके बाद क्षेत्र के उपभोक्ताकओं ने बिजली अधिकारियों से शिकायत कर त्वरित निदान की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि दिन में फ्यूज कॉल उठ भी जाता है, लेकिन रात होते फ्यूज कॉल के कर्मचारी फोन नहीं उठा रहे है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों से जुझना पड़ता है और इस दौरान जोन के एई और जेई का फोन भी बंद मिल रहा है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों की उदासीनता उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है।


### समर सेशन में हलाकान होंगे यात्री

# आज से रद्द होने लगेंगी ट्रेनें, पहले दिन 36 गाड़ियों के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 अप्रैल शुक्रवार से ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला आरंभ होगा, पहले दिन 36 ट्रेनें रद्द होंगी। बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन का काम करने के कारण हावड़ा-मुम्बई मार्ग की मुख्य ट्रेनों को 24 अप्रैल तक रोका जाएगा, इस दौरान लाखों यात्रियों का सफर प्रभावित होगा।

मार्च के अंतिम दिन तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय ने रेलवे बोर्ड के दिए माल लदान के टारगेट से ऊपर यानि 252 मिलियन टन करते हुए रिकार्ड कायम किया है। इस रिकार्ड को कायम करने के लिए हजारों की संख्या में यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित किया गया है। पिछले कई दिनों से यात्री ट्रेनें पटरी पर चलने के कारण यात्रियों को राहत मिलनी शुरु हो गई थी कि अचानक रेलवे के अफसरों ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे 206 किलोमीटर चौथी लाइन के बचे हुए काम करने के लिए 36 ट्रेनों को 11 से 24 अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। वर्तमान में यह कार्य रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए शुरु किया गया है। चौथी लाइन को जोड़ने के कारण सबसे जरूरी हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है, जिसमें सफर करने के लिए यात्रियों को दो माह पहले से बुकिंग कराना पड़ता है। 36 टेनों को शुक्रवार 11 अप्रैल से रद्द करने के साथ दूरंतो जैसी ट्रेन को डायवर्ट किया गया है, जो रायगढ़ के पहले ही डायवर्ट करने के बाद मुम्बई के लिए रवाना हो जाएगी। इसके साथ ही 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।




36 ट्रेनों में मेल और दूरंतो के साथ आजादहिंद एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा टाटा-इतवारी, संतरागाछी-जबलपुर, दरभंगा-सिकंदराबाद, पुणे-संतरागाछी, भुवनेश्वर-कुर्ला, बिलासपुर-पटना, एलटीटी-शालीमार, हावड़ा-शिरडी, हटिया-एलटीटी, पोरबंदर-शालीमार और एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली चार मेमू भी शामिल है, जिसके पहिए 25 अप्रैल तक थमे रहेंगे।

### नहीं आएगी मेल बिलासपुर

हावड़ा और मुम्बई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में सबसे जरूरी ट्रेन मेल और दूरंतो एक्सप्रेस है, जिसमें सफर करने के लिए यात्री वेटिंग टिकिट लेकर भी चढ़ जाते हैं। 11 अप्रैल से यह दोनों मुख्य ट्रेनें बिलासपुर तक नहीं आएगी। 11 से 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़, रायपुर होकर, 11 से 24 अप्रैल तक 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 11, 14, 15, 16, 18, 21, 22, 23 अप्रैल को 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24 अप्रैल को 12261 मुंबई-हावड़ा-दूरंतो एक्सप्रेस टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। इसके कारण ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

### 36 के बाद रद्द होंगी 50 ट्रेनें 24 से

वर्तमान में रेल प्रशासन की ओर से बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के रायगढ़ कोतरलिया में चौथी लाइन को जोड़ने के लिए 36 ट्रेनों को रद्द कर दो मुख्य ट्रेन मेल व दूरंतो को डायवर्ट रूट से चलाना शुरु कर दिया है। यह सभी ट्रेनें 24 अप्रैल तक प्रभावित होगी। इसके बाद भी यात्रियों की समस्या दूर नहीं होगी, क्योंकि बिलासपुर से नागपुर सेक्शन के बीच राजनांदगांव से कलमना के बीच तीसरी लाइन का काम करने के लिए 24 के बाद 6 मई तक 50 ट्रेनों को रद्द कर यात्रियों को परेशान किया जाएगा।

# 14 साल की बालिका को धमकी देकर तीन दिन तक अनाचार

**बिलासपुर।** शहर में नानी के घर में रहकर पढ़ाई करने वाली 14 साल की बच्ची को घर में अकेले पाकर ड्राइवर जान से मारने की धमकी देकर तीन दिन तक अनाचार करता रहा। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार,14 साल की बालिका बचपन से अपनी नानी के घर में पढ़ाई कर रही है। उसकी नानी रेलवे में काम करती है। तोरवा बूटापारा निवासी हार्दिक खान रेलवे विभाग के एक अधिकारी का गाड़ी चलाता है। जिसके कारण हार्दिक का बालिका की नानी से जान पहचान हो गई और उसका घर आना जाना था। परीक्षा समाप्त होने के बाद बालिका अपने घर चली गई थी। 4 अप्रैल को वह नानी के घर लौटी। 7 अप्रैल को हार्दिक खान उनके घर गया और बालिका के अकेले रहने का फायदा उठाते हुए उसके साथ अनाचार किया। उसने घटना के संबंध में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर लगातार 8 व 9 अप्रैल को शारीरिक संबंध बनाया। बच्ची ने डर से घटना की जानकारी अपनी नानी को नहीं दी। बालिका की मां 10 अप्रैल को आई तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। उसके बाद मां अपनी बेटी को लेकर सिरगिट्टी थाना गई और घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनकी रिपोर्ट पर तोरवा बूटापारा में दबिश देकर ड्रावइर हार्दिक खान को पकड़कर थाने ले आए।

■ पुलिस की सक्रियता से आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बीएनएस की धारा 64, 2, 351, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

एक दिन पहले 7 साल की बच्ची से छेड़खानी ज्ञात हो कि 9 अप्रैल को तोरवा क्षेत्र की रहने वाली एक 7 साल की बच्ची घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान तोरवा पटेलपारा निवासी परमेश्वर पटेल 30 साल नशे में बच्ची को 500 का नोट दिखाकर अश्लील इशारा कर रहा था। घरवालों ने इशारा करते देख उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 75, 12 पाक्सो एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# जहां खाली करवाई गई जगह, वहां फिर से जम गए रेहड़ी और ठेले वाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की मुख्य सड़क से अस्थाई अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहा है। निगम का अभियान और लगातार कार्रवाई भी औपचारिक ही साबित हो रहा है। पिछले दो दिनों में निगम ने जहां से ठेले गुमटी वालों को हटाया था गुरुवार को स्थिति जस की तस हो गई। उन्हीं जगहों पर वे ठेले और रेहड़ी वाले जम गए।

मंगला चौक से लेकर शेफर स्कूल तक, देवकीनंदन चौक से सदर बाजार तक, सिटी कोतवाली से लेकर गांधी चौक तक और उससे आगे दयालबंद, तोरवा तक वही स्थिति रही। बस स्टैंड और पुराने हाईकोर्ट के पास जहां भारी विवाद के बीच कब्जे हटाए गए थे वहां गुरुवार सुबह से फिर से चाय नाश्ते से लेकर फल और फूल की दुकानें लग चुकीं थीं। जिला अस्पताल के सामने भी फिर से कब्जा हो गया था। सीएमडी कालेज के सामने से तो ठेले वाले हटने का नाम नहीं ले रहे हैं। शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम और ट्रैफिक पुलिस की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया है, जबकि पांच हजार से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं।

इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। निगम अमले ने पिछले दो दिनों की कार्रवाई में पूरे शहर भर में तोड़फोड़ मचाई और कब्जा हटाया। गुरुवार को फिर से उन्हीं जगहों पर कब्जा हो गया। शनिचरी में फल वाले बाल्मिकी चौक पर पहुंच गए तो बृहस्पति बाजार पर तो ठेले वालों का कब्जा सालों से है। इनके ठेले सड़क पर लगते हैं इससे वाहन क्या पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।




### 15 फिट तक संकरी हो गईं हैं सड़कें

श्रीकांत वर्मा मार्ग, सरकंडा में पुराने पुल से लेकर सुभाष चौक तक, मंगला चौक से मुंगेली नाका चौक, लिंक रोड के साथ ही मिशन अस्पताल के सामने सड़कें 10 से 15 फीट तक संकरी हो गई हैं। दोनों तरफ आठ-आठ फीट तक शेड या सामान निकालकार कारोबार करने वालों की वजह से इन सड़कों में ट्रैफिक का बुरा हाल है। दुकानों के सामान के अलावा सड़कों पर ठेले-खोमचे और फेरी लगाने वालों के कारण भी गाड़ियों के आने-जाने के लिए जगह नहीं बच रही है। ट्रैफिक की यह अव्यवस्था लोगों को भारी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से निगम और पुलिस का अमला शहर में कार्रवाई जरूर कर रहा है। अव्यवस्था फैलाने वालों को एक चेतावनी दी जा रही है। उसके बाद भी कारोबारी सुधर नहीं रहे हैं। देवकीनंदन चौक से सदर बाजार चौक तक की हालत तो और बुरी है।

## शैल वस्त्रालय में खास मौके के लिए फैशनेबल और आकर्षक संग्रह

**बिलासपुर।** शादी का मौसम आते ही हर किसी की नजर एक बेहतरीन और पारंपरिक परिधान पर होती है, जो इस खास दिन को और भी खास बना सके। शादी मतलब शैल वस्त्रालय में हम आपको सबसे शानदार और विविधता पूर्ण संग्रह पेश करते हैं, जिसमें आपको साड़ी, कुर्ता, इंडो वेस्टर्न, ब्राइडल कलेक्शन जो आपके शादी के दिन को और भी खास बनायेगा। हमारे संग्रह में हर तरह की साड़ी की विस्तृत रेंज शामिल है, जो आपके व्यक्तित्व और पसंद को पूरा करती है। हमारी साड़ी कलेक्शन में आपको मिलेगी बंगाली, गुजराती, कांजीवरम, बनारसी, मराठी और कई तरह की डिजाईन और फेब्रिक्स जो हर एक महिला की ख्वाहिश को साकार करती है। इन साड़ियों में आपको पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन संगम भी मिलेगा। इसके अलावा शैल वस्त्रालय में हमारी ब्राइडल कलेक्शन खासतौर पर शादी के दिन को यादगार बनाने के लिए की गई हैं। इसमें आपको मिलेगा शादी का लहंगा चौली, स्टाइलिश दुल्हन साड़ी। हमारे वस्त्रालय के ब्राइडल कलेक्शन में हर एक डिजाईन को बड़े ध्यान से तैयार किया गया हैं, ताकि दुल्हन का लुक और भी खुबसूरत हो सके ।

### सीवरेज के साथ अवैध प्लाटिंग का मुद्दा इस बार गरमाएगा

# भाजपा के 17 पार्षद ही घेरेंगे सत्ता पक्ष को 13 कांग्रेसियों ने भी पूछे 26 सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की सामान्य सभा करीब 14 महीने बाद 15 अप्रैल मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे से पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह में होगी। इसके साथ ही एक घंटे का प्रश्नकाल भी होगा। इसमें नियमानुसार सभी पार्षदों से 2 प्रश्न 10 अप्रैल तक मंगाए गए थे।




तय समय तक कुल 30 पार्षदों ने 60 प्रश्न पूछे हैं। 11 अप्रैल शुक्रवार की दोपहर 12 बजे निगम के दृष्टि सभा कक्ष, विकास भवन में लाटरी निकाली जाएगी। खास बात है कि भाजपा के 17 और कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सवाल किया है। साफ है सदन में भाजपा के पार्षद ही सत्ता पक्ष को घेरेंगे। अधिकांश सवालों में पानी की समस्या, सड़क - नाली के साथ ही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा है। इसके साथ ही अरपापार में जल समस्या और सफाई पर सवाल दागे जाएंगे। बता दें कि सामान्य सभा की बैठक के पहले एक घंटे का प्रश्नकाल होगा। इसके लिए 30 पार्षदों ने दो-दो प्रश्न विकास भवन में जमा किया है। सामान्य सभा के दिन शुरू का एक घंटा प्रश्नकाल के लिए रिजर्व होगा। जिसमें एमआईसी मेंबर पार्षदों के सवालों का जवाब देंगे। इसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू होगी। सामान्य सभा में 9 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिसके बाद बहुमत से सभी प्रस्ताव पास किए जाएंगे। इसके बाद बजट पास किया जाएगा।

### सामान्य सभा के विषयों की सूची भी जारी

इसके साथ ही इस सामान्य सभा में रखे जाने वालो विषयों की सूचि भी जारी की गई है। इसमे पेयजल के साथ ही सड़क नाली के काम शामिल है। इसके साथ ही रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में व्यवसायिक परिसर निर्माण, अशोक नगर बिरकोना रोड चौड़ीकरण, गौरव पथ निर्माण कार्य, अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ निर्माण कार्य भी शामिल है। इसके अलावा अरपा नदी में पहुंच रहे नालियों के पानी को रोकथाम पर भी चर्चा होगी। इसके लिए ठेका कंपनी को काम दिए जाने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया गया है।

### महापौर पेश करेंगी 1089 करोड़ का बजट

15 अप्रैल को होने वाली सामान्य सभा में महापौर श्रीमती पूजा विधानी 1089 करोड़ का बजट भी पेश करेंगी जो पिछले साल की तुलना में 38 करोड़ रुपए अधिक है। ज्ञात हो कि एमआईसी की बैठक में बजट पर चर्चा हो चुकी है, जिसे एमआईसी ने पास कर दिया है। इसमें बहतराई, खमतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी, सकरी में पेयजल प्रबंधन के लिए 28 करोड़ 17 लाख 22 हजार की मंजूरी मिली है। इसका टेंडर किया गया है। इस पर चर्चा होगी। इसके साथ ही पेयजल के लिए एचडीआई पाइप की जगह पर डीआई पाइप बिछाने के संबंध में रखे गए एजेंडों पर भी चर्चा की जाएगी। चिंगराजपारा में बन रहे व्यवसायिक परिसर के साथ ही अलग-अलग जगहों पर सड़क निर्माण के संबंध में चर्चा कर अन्य एजेंडों पर होगी।

### यह सवाल पूछे जाएंगे

#### शुक्रवार की दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी प्रश्नों की लाटरी

- वार्ड 61 के पार्षद राजेश दूसेजा ने मुक्तिधाम रोड में बनी गुमटियों की संख्या और आबंटन के बारे में पूछा है।
- वार्ड 59 की पार्षद श्रीमती सूनीता जगत ने अवैध प्लाटिंग पर क्या कार्रवाई की गई है इसकी जानकारी मांगी है।
- वार्ड 50 के पार्षद जय वाधवानी ने आरके नगर में बने व्यालसायिक काम्प्लेक्स के आबंटन पर जानकारी मांगी है।
- वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद हेमंत मरकाम ने मरे हुए जानवरों को मंगला में फेंकने और बदबू की समस्या उठाई है।
- वार्ड क्रमांग 40 के पार्षद ओम कश्यप ने सीवरेज परियोजना कब तक पूरी होगी और टेंडर कब होगा यह पूछा है।

### समस्या लेकर आने वालों को दिलाएं न्याय : एसपी

**बिलासपुर।** थाने में अपनी समस्या लेकर आने वालों को त्वरित सहायता और उन्हें न्याय मिल सके इस पर अधिक जोर देना है। मर्ग जांच और अपराध के निराकरण के लिए विवेचक अपना काम तेजी से करें। ये निर्देश एसएसपी रजनेश सिंह सिविल लाइन थाने के औचक निरीक्षण के दौरान कही। एसएसपी रजनेश सिंह गुरुवार को सिविल लाइन थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लंबित अपराधों और मर्ग जांचों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी समेत पुलिस स्टाफ को निर्देशित किया गया कि थाने में आने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

## सुशासन तिहार के तीसरे दिन भी लोगों में दिखा उत्साह

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शुरू हुए राज्यव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे दिन भी लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सरकार से संवाद और समस्याओं के समाधान की इस पहल को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और आम जनता बड़ी संख्या में आवेदन देने पहुंच रहे हैं।

जिले में अब तक 67884 आवेदन मिल चुके हैं, इनमें 1802 शिकायत एवं 66082 मांग से संबंधित आवेदन है। लोग मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन करना और भी आसान हो गया है। इसके लिए www.sushasantihar.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बहतरा के लखन बंजारे और कलेश्वरी बंजारे ने जॉब कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया था।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में घर से बाहर जाकर ऑफिस वर्क करने वाले, खेती कार्य मे लगे आमजन तथा बाजार में खरीददारी आदि कार्य करने वाले व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थों का सेवन नहीं कर पाते हैं। इस कारण वे निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं, जिसका समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो जाती है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

**कोरबा।** बालको ने कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया। सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण के तहत बालको ने सभी स्तरों पर सुरक्षा व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा रैली, सुरक्षा सत्र, सेफ्टी मैराथन और नुक्कड़ नाटक सहित सप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में सुरक्षा प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर, एक मौलिक मूल्य है जो हमारी प्रचालन उत्कृष्टता को परिभाषित करता है। शून्य हानि का हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि सुरक्षा और कल्याण हमारे कार्यस्थल और समुदाय के मूल की हिस्सा हो। निरंतर प्रयासों और सुरक्षा नवाचार के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसी संस्कृति को विकसित करना है जहां 'सुरक्षा प्रथम' सब के डीएनए की प्रकृति बन जाए। एक सुरक्षित कार्यस्थल एक सस्टेनेबल कार्यबल में योगदान देता है जो एक विकसित और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव को मजबूत करता है।

### शराब के नशे में निगम कर्मी ने अधिकारियों से की बदसलुकी

**कोरबा।** निगम के प्रशासनिक भवन में सुरक्षाकर्मी के रुप में तैनात अमित धनेत ने शराब के नशे में जमकर हंगामा मचाया। सुरक्षाकर्मी नशे में मदहोश था उससे बात करने पर अभद्र भाषा का उपयोग किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी अमित अपने साथी चेकपोस्ट निवासी चंद्रशेखर के साथ गुरूवार की दोपहर शराब पीकर साकेत भवन पहुंचा। सबसे पहले उसके द्वारा कार्यालय के पास फेरी लगाकर सामान बेच रहे एक कारोबार के साथ गाली गलौच करते हुए शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर सुरक्षाकर्मी निगम कार्यालय के अंदर पहुंचा और अधिकारियों से गाली गलौच करने लगा। अधिकारियों ने समझा बुझाकर उसे बाहर भेजा, जिसके बाद उसने एक व्यक्ति के साथ हाथापाई करने के साथ ही कॉलर पकड़ लिया। काफी देर तक सुरक्षाकर्मी साकेत भवन में हंगामा करता रहा। सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे जहां सुरक्षाकर्मी ने पुलिस कर्मियों से भी बुरा बर्ताव किया।



निगम कर्मी।

## निधन

### सुरेशचन्द्र रोहरा



**कोरबा।** वरिष्ठ पत्रकार लेखक संघ के जिला अध्यक्ष सिंधी समाज और सियान सदन पुरानी बस्ती के मिडिया प्रभारी, सुरेश चन्द्र रोहरा 57 वर्ष का बीते बुधवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र, पत्नी सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा मुक्तिधाम मे किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के सदस्य ओर शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रीटा कोहली



**कोरबा।** प्रतिष्ठित व्यवसायी रवि कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती रीटा कोहली का बुधवार को दुःखद निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 11 अप्रेल को प्रातः 9 बजे उनके निवास स्थान पावर इम्पीरिया शारदा विहार कोरबा से निकलकर मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में पहुचकर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## गेवरा खदान का निरीक्षण करने पहुंचे थे कोयला मंत्री श्री रेड्डी

# कोयला मंत्री को श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



कोयला मंत्री से मुलाकात करते श्रमिक नेता।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के गेवरा प्रवास के दौरान श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्री रेड्डी से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान कोयला मंत्री श्री रेड्डी ने श्रमिक नेताओं व जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के गेवरा आगमन के दौरान नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद अरूणिश तिवारी ने गेवरा हाउस में मुलाकात कर प्रदूषण को लेकर चर्चा की और तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें गेवरा दीपका क्षेत्र के आवासीय परिसर पर प्रदूषण नियंत्रण और धूल डस्ट के रोकथाम हेतु कारगर कदम उठाने दीप का क्षेत्र में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने एवं दीपिका से पाली मार्ग डूमर कछार तक की सड़क को फोर लेन करने की मांग किया। इस दौरान श्रमिक नेता सतीश राठौर एवं ओमप्रकाश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### संयुक्त सलाहकार समिति ने सौंपा ज्ञापन

गेवरा क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति द्वारा कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी का स्वागत किया गया। जिसके बाद कोयला मंत्री श्री रेड्डी गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख मांग पत्र सौंपा। गेवरा क्षेत्रीय सलाहकार समिति के एचएमएस संगठन से रेशमलाल यादव, एसडी मानिकपुरी, एटक संगठन से दीपक उपाध्याय, एलपी अघरिया, इंटक संगठन से गोपाल यादव, देमंत मिश्रा, बीएमएस संगठन से प्रियम राठौर, मदन सिंह, सीटू संगठन से अजय प्रताप सिंह, जनाराम कर्ष शामिल रहे।



### एम्स की तर्ज पर अस्पताल की मांग



सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत ने कोयला मंत्री श्री रेड्डी से डिप्लोमा इंजीनियरों के लंबित मांगों तथा भू विस्थापितों की समस्याओं से अवगत कराया। श्री महंत ने नेशनल सिनीयारटी व पद परिवर्तन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 200 मीलियन टन कोयला अकेले कोरबा उत्पादन करता है, लेकिन इसके बावजूद समस्याओं का अंबार निरंतर बना हुआ है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी ने संयुक्त अलग अलग ज्ञापन में कहा कि तत्काल इसी सत्र केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हो ।तथा एक केन्द्रीय लाइब्रेरी बनाया जाय, जिससे गरीब बच्चे व अन्य नागरिक लाभ ले सके। इस दौरान उन्होंने अपने संयुक्त ज्ञापन में एम्स के तर्ज पर गेवरा दीपका में एक भव्य सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनाने की मांग रखी, जिससे गेवरा दीपका के वंचित गरीब लोगों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके।

### कांग्रेस के अधिवेशन में शामिल हुए पूर्व मंत्री व महापौर ...



कोरबा। गुजरात के साबरमती तट पर गांधी आश्रम के पास कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद शामिल हुए। इस अधिवेशन में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित प्रदेश के पूर्व मंत्री उमेश पटेल के अलावा प्रदेश के कई विधायक पूर्व विधायक शामिल हुए।

## चिकित्सकों की सेवा अवधि में दो से तीन साल की बढ़ोत्तरी

**कोरबा।** कोयला मंत्री के गेवरा प्रवास के दौरान एचएमएस के राष्ट्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय, इंटक के श्रमिक नेता गोपाल नारायण सिंह व बीएमएस के सुजीत ने कोयला मंत्री श्री रेड्डी से मुलाकात कर समस्याएं रखी। श्रमिक नेता नाथूलाल पाण्डेय ने श्री रेड्डी से अघोषित रूप से बंद 9.4.0 मेडिकल अनफिट का मुद्दा उठाया। श्री पाण्डेय ने बताया कि कई कोल कर्मियों के आश्रित मेडिकल अनफिट बंद होने की वजह से रोजी रोटी की समस्या से जूझ रहे हैं।

जिस पर कोयला मंत्री ने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। वहीं श्री पाण्डेय ने एसईसीएल के विभागीय अस्पतालों में पदस्थ चिकित्सकों के सेवा अवधि में बढ़ोत्तरी की मांग रखी, जिस पर कोयला मंत्री श्री रेड्डी ने सहमति जाहिर करते हुए चिकित्सकों के सेवा अवधि में दो से तीन साल की बढ़ोत्तरी की बात कही है। इसके अलावा श्रमिक नेताओं ने जमीन अधिग्रहण के बदले भूविस्थापितों को उसी एरिया में रोजगार मुहैय्या कराने की मांग रखी है। दरअसल दीगर क्षेत्रों में नौकरी दिए जाने पर भूविस्थापितों द्वारा कार्य में अनुपस्थित रहने का मामला सामने आ रहा था। बीएमएस के श्रमिक नेता सुजीत ने गेवरा कुसमुंडा के भूविस्थापितों का मुद्दा उठाते हुए एमसीएल की तर्ज पर मुआवजा व नौकरी की मांग रखी। वहीं इंटक के श्रमिक नेता गोपाल नारायण सिंह ने सीएमपीएफओ को ऑनलाईन करने की मांग रखी।



# स्कूल जतन योजना से भी नहीं सुधरी जिले में टीन शेड स्कूलों की हालात




**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

जर्जर स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए राज्य शासन के स्कूल जतन योजना से भी जिन स्कूलों की स्थिति नहीं सुधरी अब उनकी डीएमएफ से तस्वीर बदलने की कवायद प्रशासनिक स्तर पर चल रही है। बारिश से पूर्व ऐसे स्कूलों के जगह नए स्कूल भवन निर्माण के लिए शिक्षा विभाग से जानकारी मांगी गई है, जो हर साल मांगी जाती है। फिलहाल 33 स्कूल ऐसे सामने आए हैं जिनकी स्थिति नहीं सुधरी है।

वर्ष 2023 में राज्य शासन के स्कूल जतन के तहत जर्जर स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा कार्य शुरु किया जाता था और इसके लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। ठेकेदारों के माध्यम से आरईएस ने ऐसे स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए निविदा आमंत्रित कर कार्य शुरु कराया था जिनके कार्यों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। जिसके मद्देनजर ठेकेदारों के भुगतान भी रोके गए। किंतु उसके बावजूद स्कूलों की स्थिति नहीं सुधरी। 33 स्कूल ऐसे सामने आए हैं जो टीन के शेड में चल रहे हैं। इनकी जगह अब नए भवन का निर्माण होगा। इसके लिए डीएमएफ से राशि प्रदान की जाएगी। शिक्षा विभाग से ऐसे स्कूलों की पूरी जानकारी मांगी गई है। जिनका निर्माण बारिश के पूर्व कराया जाना है। ऐसे स्कूलों में विकासखंड कोरबा के 4, कटघोरा के 3, करतला के 6, पाली के 7 और पोड़ी उपरोड़ा 13 शामिल हैं। जिनके टीन शेड को बदलकर नया भवन तैयार कर लिया जाएगा। इसके लिए डीएमएफ से राशि खर्च किए जाने का प्रावधान तैयार किया गया है।

### खास बातें

- अब डीएमएफ से सुधारने की शुरु हुई कवायद
- शिक्षा विभाग से मांगी गई ऐसे स्कूलों की जानकारी

### दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूल अब भी अधूरे

राज्य शासन के स्कूल जतन योजना से भले ही स्कूलों के जीर्णोद्धार की योजनाएं तैयार की गई है लेकिन उसके बावजूद विकासखंड कोरबा के ही ग्राम पंचायत खम्होन, पंडोपारा, नकिया पंचायत की प्राइमरी और मिडिल स्कूल के नए भवन का निर्माण अभी भी पूरा नहीं हो सका है। शिक्षा विभाग के मुताबिक ग्राम पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों के लिए पंचायत को ही निर्माण एजेंसी जनपद पंचायत के द्वारा बनाया गया था। यहां बताना होगा कि जनपद पंचायत कोरबा के दो साल में चार सीईओ बदल गए किंतु तीनों स्कूल का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

### नए सत्र से मिलेंगे स्कूल भवन

स्कूलों के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। शहर के कई स्कूलों की स्थिति सुधर गई है और ग्रामीण क्षेत्रों में टीन के शेड में चलने वाले स्कूलों की जगह नए भवन बनाए जाएंगे।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# प्रगतिशील लेखक संघ का कवि सम्मेलन सम्पन्न



सम्मेलन में उपस्थित कवि।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

प्रगतिशील लेखक संघ कोरबा इकाई प्रगतिशील लेखक संघ के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर 9 अप्रैल को एक अनूठे बहुभाषी कवि सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष सुरेश रोहरा ने बहुभाषी काव्यगोष्ठी का आगाज सिंधी भाषा में एक कविता का पाठ करके किया था। उन्होंने 10 अप्रैल सिंधी दिवस का जिक्र करते हुए एक कविता प्रस्तुत की जिसमें सिंधी काम की अस्मिता का चित्र किया गया था। इसी तरह स्मिता देशपांडे ने एक मराठी कविता प्रस्तुत की जिसका भाव था हमारा मौन कभी-कभी हमेशा के लिए मौन कर देता है और द्वेष तुरंत दिखता है तो जगदीश श्रीवास ने भोजपुरी कविता का पाठ किया काव्य गोष्ठी में हरियाणा के कवि जो दीपका में रहते हैं। विकास कासवान ने बावड़ी भाषा में एक कविता प्रस्तुत की। जितेंद्र वर्मा ने गीत प्रस्तुत किया पेट देखकर रोवय गोठकारों पात्र कखरो मोठ तो सनंददास दीवान ने छत्तीसगढ़ी में एक हास्य रचना प्रस्तुत की। साथ ही घनश्याम श्रीवास, शिवशंकर अग्रवाल, श्याम बिहारी सिंह, बनाफर, जितेन्द्र वर्मा ने भी अपनी अपनी भाषा में कविताएं प्रस्तुत की और कवियों को संबोधित किया। कमल सर्वविद्या ने गुरुदेव रविंद्रनाथ ठाकुर की गीतांजलि का एक गीत प्रस्तुत किया। संस्था के सचिव अरविंद पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लेखक और कवि अपनी कविताएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

### राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर
### नोटिस

प्रकरण क्रमांक आर.एन./25/आर./अ-6/38/2024
पेशी दिनांक 08.05.2025

धमेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद सोनी, जाति सोनार, निवासी गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.).....पुनरीक्षणकर्ता **बनाम** रमेश कुमार सोनी पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद सोनी, जाति सोनार, निवासी गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) .......उत्तरवादी

प्रति,

1. श्री रविशंकर पिता शोभादीन जायसवाल, निवासी- जायसवाल गली, गांधी चौक कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा (छ.ग.) 2. श्रीमती स्नेहलता जायसवाल पति स्व. रमाशंकर जायसवाल, निवासी- जायसवाल गली, गांधी चौक कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा (छ.ग.) 3. श्री संदीप जायसवाल पिता स्व. रमाशंकर जायसवाल, निवासी- जायसवाल गली, गांधी चौक कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) 4. श्रीमती स्वाती जायसवाल पिता स्व. रमाशंकर जायसवाल, निवासी-जायसवाल गली, गांधी चौक कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा (छ.ग.) 5. श्रीमती रज्जू जायसवाल पिता शोभादीन जायसवाल, निवासी- जायसवाल गली, गांधी चौक कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता धमेन्द्र कुमार सोनी पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद सोनी, जाति सोनार, निवासी गांधी वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) ने आयुक्त बिलासपुर संभाग के द्वारा पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 05/अ-06/2021-2022 आदेश दिनांक 29.12.2023 के विरूद्ध छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की गई है, जिसकी सुनवाई दिनांक 08.05.2025 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है।

अतः इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की सम्पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी दिनांक 08.05.2025 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।

दिनांक 02.04.2025

(मान. अध्यक्ष महो. द्वारा आदेशित)

**अवर सचिव,**
**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़,**
**बिलासपुर**

### शिविर में मिली 10 शिकायतों पर होगी कार्यवाही

**दीपका।** जिले में इन दिनों सुशासन तिहार चल रहा है 8 से 11 अप्रैल तक इस अभियान के तहत नागरिकों की शिकायत एवं समस्या से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद दीपका के वरिष्ठ पार्षद एवं पीआईसी के सदस्य अरुणीश तिवारी ने भी लगभग 10 आवेदन प्रगति नगर से संबंधित सौंपे। जिसमें प्रमुख रूप से प्रगति नगर में एक इनडोर जिम की स्थापना बाल उद्यान का निर्माण शिव मंदिर में दो कमरों का भवन निर्माण एवं एक भव्य स्टेज का निर्माण तथा एक पुस्तकालय का निर्माण एवं प्रगति नगर में तीन नग सबमर्सिबल पंप के साथ बोर किए जाने के कार्य का आवेदन सहित अन्य विषयों पर आवेदन सौंपा। इस अवसर पर नगर पालिका के तमाम स्टाफ अनीस मोहमद निर्माणकल राधेश्याम सिंह मृत्युंजय चौबे सहित अन्य लोकगीत उपस्थित थे।

# पार्किंग की नई व्यवस्था पर आटो संघ ने जताया विरोध, हड़ताल की दी चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

शहर के रेलवे स्टेशन के सामने ऑटो स्टैंड पर पेड पार्किंग शुरू हो गयी है और इसके साथ ही सवारी ऑटो से शुल्क वसूली होने लगी है। 4 दशक बाद थोपी जा रही नई व्यवस्था का ऑटो संघ ने विरोध जताते हुए रेलवे प्रबंधन को हड़ताल की चेतावनी दी हैं। कोरबा शहर के रेलवे स्टेशन के सामने 4 दशक से सवारी ऑटो स्टैंड संचालित हैं जहां स्टेशन से शहर सहित उच्च स्तरीय क्षेत्रों के आवाजाही करने वाले ऑटो खड़े रहते थे लेकिन स्टेशन के कायाकल्प के साथ ही उक्त स्थान पर रेलवे ने पार्किंग स्थल का निर्माण करा दिया। वहीं पेड पार्किंग ठेकेदार को स्थान आबंटित कर दिया गया। विगत दिनों उक्त स्थान पर पेड पार्किंग शुरू हो गई। इसके साथ ही ठेकेदार की ओर से सवारी ऑटो चालकों को रेलवे परिक्षेत्र में ऑटो खड़ी करने पर पार्किंग शुल्क देने का निर्देश दिया। जिससे ऑटो चालकों के बीच हडक्रंप मच गया है। सडक़ पर बढ़ती ऑटो को संख्या के बीच प्रतिस्पर्धा झेल रहे ऑटो चालक अब पार्किंग शुल्क को लेकर चिंतित हो गए हैं। चालकों की समस्या पर जिला ऑटो संघ ने रेलवे स्टेशन के सामने ऑटो चालकों से शुल्क लेने का विरोध जताना शुरू कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने रेलवे अधिकारियों से बातचीत की लेकिन निराकरण नहीं हुआ। ई-रिक्शा आने के बाद वैसे भी ऑटो की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है जिससे यात्री कम मिल रहे हैं। नई ऑटो की किश्त देने और परिवार के लिए खर्चा निकालना मुश्किल हो गया है, ऐसे में रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए लगे ऑटो चालकों पर पार्किंग शुल्क थोपना अनुचित है। ऑटो चालक रेलवे स्टेशन के सामने काम बंद हड़ताल करने को मजबूर हो जाएंगे।

### लाखों की धोखाधड़ी मामला दर्ज

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तनेरा कलमीपारा निवासी उदय मोहन उम्र 45 वर्ष पिता राम प्रसाद ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 अप्रैल को उदय को अनजान व्यक्ति द्वारा उसके मोबाईल नंबर पर फोन किया गया है और बोला गया कि तुम जो इंसोरेंश कराये हो उसमें तुम्हारी पत्नी का नाम नामनी मे जोडना है। उदय मोहन द्वारा उसकी पत्नी रामवती का जन्म दिनांक पूछा और ओटीपी नंबर को बताने को कहा। जिसके उपरांत ओटीपी बताने पर उक्त व्यक्ति के द्वारा उदय मोहन के एकाउंट से धोखाधड़ी कर 4 लाख 97 हजार 998 रूपये निकाल लिए। उदय मोहन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।



10 korba-pg4_Layout 1 10-Apr-25 11:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### छात्रों को पोषण पखवाड़ा की दी गई जानकारी

**कोरबा।** स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम केंदई में बच्चों को पोषण पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी गई जिसमें ज़िला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देश अनुसार आयुर्वेद पद्धति से कैसे स्वस्थ रह सकते हैं, खाने के कितनी देर बाद पानी पीना है, ऋतुचया आदि के बारे में बताया गया। बच्चों को निरंतर औषधि काढ़ा का प्रयोग कराया जाता है। देशी गाय से प्राप्त मढ़ा, गर्मी में बेल का शरबत आदि निरंतर प्रयोग में दिया जाता है। अभी कुल 249 बच्चे हैं सब स्वस्थ हैं सिर्फ आयुर्वेद का औषधि से आवासीय बच्चों को स्वस्थ रहने स्वच्छता एवं खानपान आदि के बारे में आयुष चिकित्सक डॉ रमापति तिवारी के द्वारा जानकारी दिए।

### लघु उद्योग भारती इकाई का हुआ गठन, आशीष अध्यक्ष तो अजय बने सचिव



**कोरबा।** सूक्ष्म और लघु उद्यमों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए समर्पित लघु उद्योग भारती एक अखिल भारतीय संगठन है। देश भर में एमएसई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए यह संगठन कार्य कर रही है। कोरबा जिला भी उद्योगिक क्षेत्र है। इसी परिप्रेक्ष्य में संगठन का विस्तार करते हुए कोरबा जिला इकाई गठन किया गया। विवेकानंद सदन में बैठक आयोजित कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष आशीष बत्रा, सचिव अजय तारेकर व कोषाध्यक्ष पंकज तलवार को बनाया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों के सर्वसम्मती से कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसकी घोषणा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा के जिला संघचालक डॉ विशाल उपाध्याय द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ की प्रदेश महामंत्री शिपी दुबे ने बताया की प्रदेश में अब तक 17वी इकाई पूर्ण हो चुकी है और 18वी इकाई कोरबा की घोषणा की गई। नवीन कार्यकारिणी को उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा की सूक्ष्म व लघु उद्योग क्षेत्र में व्याप्त विविध समस्याओं का स्थानीय औद्योगिक संगठनों के साथ मिलकर जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निराकरण लघु उद्योग भारती द्वारा किया जा रहा है।

### आम रोड के पास अतिक्रमण करने वाले कबाड़ी पर की गई कार्यवाही



**कोरबा।** निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 मुढ़ापार बायपास रोड रामनगर मोड़ से आम रोड तक संचालित कबाड़ी दुकान को हटाने के संबंध में एक शिकायत निगम के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। जिस पर जिला पुलिस एवं नगर निगम कोरबा की संयुक्त टीम द्वारा तनवीर खान को पूर्व में अतिक्रमण हटाने हेतु निर्देशित किया गया था किंतु तनवीर खान के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार कोई विधिसम्मत कार्यवाही नहीं की गई और ना ही आम रोड से लगे सामानों को हटाया गया। जिला पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार को पुनः स्थल पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान तनवीर खान के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम, 1956 की धारा 322 (सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण करने एवं बाधा उत्पन्न करने) के अंतर्गत कार्यवाही की गई। साथ ही यह भी पाया गया कि तनवीर खान के द्वारा मुख्य लोक मार्ग का विधि विरुद्ध उपयोग करते हुए देशी शराब की शीशियां, पुट्ठा, प्लास्टिक आदि कचरा एकत्र कर सार्वजनिक स्थल पर रखकर मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करते हुए पब्लिक न्यूसेंस की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी। जिस पर बी.पी.एन.एस. अधिनियम की धारा 152(क) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मामला एसडीएम कोरबा के न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## सुनालिया पुल पर हर दिन लग रहा है जाम

# पॉवर हाउस रोड में यातायात नियमों का नहीं हो रहा है पालन, खुलेआम दौड़ रही हैं बसें

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

शहर में लगातार गाड़ियों की बढ़ती संख्या की वजह से शहर की सड़कें छोटी पड़ने लगी हैं। खासतौर पर सुनालिया पावर हाउस रोड सबसे ज्यादा सकरा हो गया है। जहां लगातार वाहनों की बढ़ती भीड़ की वजह से सुनालिया पुल पर जाम लगना आम बात हो गई है।

**खास बात**

- जाम से निजात दिलाने यातायात पुलिस ने बस संचालकों को जारी किया था निर्देश

आम जनता को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा पिछले दिनों सुनालिया पावर हाउस रोड में बस के परिचालन पर रोक लगाने का फरमान यातायात पुलिस ने जारी किया था ताकि सुनालिया पुल पर बसों की आवाजाही के दौरान सबसे ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिसके चलते बसों के परिचालन पर रोक लगाने के लिए कहा गया था। इसके लिए बस मालिकों ने सहमति भी थी लेकिन अब यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है और बस संचालक मनमानी पर उतर आए हैं और लगातार बसों को सुनालिया पावर हाउस रोड पर ही संचालित कर रहे हैं। जिसके कारण हर दिन सुनालिया पुल पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है जिसके चलते हैं आम जनता को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





सुनालिया पुल को पार करती बस, जिसकी वजह से लगा जाम।

### इंदिरा स्टेडियम-राताखार मार्ग से करना है परिचालन

बस संचालकों को चांपा सहित पंतोरा-बिलासपुर मार्ग में चलने वाले बस संचालकों को इस मार्ग में जाने के लिए नया बस स्टैंड के माध्यम से बस के परिचालन के लिए सीधे इंदिरा स्टेडियम मार्ग होते हुए तुलसी नगर, राताखार होते हुए पुराना बस स्टैंड होते हुए चांपा मार्ग की ओर बसों का परिचालन किया जाना है वहीं दूसरी ओर कटघोरा मार्ग में चलने वाले बसों को फिलहाल अभी टीपी नगर से सीएसईबी चौक की ओर जाने की अनुमति दी गई है आने वाले दिनों में कटघोरा मार्ग में चलने वाली बसों को भी तुलसी नगर से होते हुए अशोक वाटिका बायपास मार्ग से होते हुए सीएसईबी चौक के मार्ग से आना करना होगा। मौजूदा स्थिति में अभी सीएसईबी से इंदिरा स्टेडियम बायपास मार्ग में डिवाइडर निर्माण का काम चल रहा है तब तक अभी बस संचालक सीधे नया बस स्टैंड से टीपी नगर चौक होते हुए सीएसईबी चौक में आना-जाना करेंगे।

### यातायात जवान भी बरतते हैं लापरवाही

शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे और बस संचालक सुनालिया और पावर हाउस रोड में ना आ जा सके इसके लिए पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर टीपी नगर एलआईसी ऑफिस तिराहा, अग्रसेन चौक तिराहा व राताखार तिराहा के समीप यातायात जवानों को तैनात किया गया है ताकि इस मार्ग में आना जाना करने वाले बस संचालकों को डाइवर्ट किया जा सके लेकिन ज्यादातर इस चौक चौराहा में ड्यूटी करने वाले यातायात जवान ड्यूटी में लापरवाही बरतते हैं जिसके चलते बस संचालक अपनी बसों को ही सुनालिया मार्ग की ओर ले जाते हैं जिसकी वजह से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। जब तक यातायात पुलिस इन बस संचालकों पर शिकंजा नहीं कसते तब तक कमोबेश स्थिति ऐसे ही रहेगी।

### सुनालिया मार्ग में बसों पर है प्रतिबंध

शहर के सुनालिया पावर हाउस रोड में जाम से निजात दिलाने के लिए सुनालिया पॉवर हाउस रोड में बसों के परिचालन पर पाबंदी लगाई गई है और शहर के नया बस स्टैंड से इंदिरा स्टेडियम राताखार मार्ग में बस संचालकों को डायवर्सन दिया गया है। यदि बस संचालक सुनालिया मार्ग में बसों का परिचालन करते हैं तो निश्चित तौर पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-मनोज राठौर**, सहायक उपनिरीक्षक यातायात

## गाड़ी धीरे चलाना कहना छात्र को पड़ा महंगा

# युवक ने चाकू से सिर पर कर दिया हमला

**बिलासपुर।** पुलिस का खौफ नहीं होने से शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। आलम यह है कि एक छात्र को तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार को गाड़ी धीरे चलाना कहना महंगा पड़ गया। बेखौफ बाइक सवार युवक ने छात्र से मारपीट करते हुए उसके सिर पर चाकू से हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। पुलिस ने हमलावर बाइक सवार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, लालखदान गोंड़पारा निवासी तुषार सिंह पिता घनश्याम सिंह बीए फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। 9 अप्रैल को उनके घर में छठ्ठी का कार्यक्रम था। रात्रि 10.45 बजे मेहमानों को खाना खिलाकर घर से गली की तरफ निकले थे। इसी दौरान लाल खदान निवासी छोटू पासी बेलगाम तरीके से तेज रफ्तार में बाइक से निकल रहा था। तुषार सिंह ने उन्हें बाइक धीरे चलाने को कहा। इस पर छोटे पासी बाइक खड़ी कर आया और तू ज्यादा बात करता है कहकर गाली-गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर छोटू पासी ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से सिर पर हमलाकर बाइक से भाग निकला। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने छात्रा तुषार सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर छोटू पासी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया गया है। हमलावर पुलिस पकड़ से बाहर है।

### चार दिन पहले आरक्षक पर हुआ था हमला

7 अप्रैल को परसदा निवासी आरक्षक सतीश कुमार लोधी एक अन्य साथी के साथ बाइक से गोलबाजार की ओर जा रहे थे। करोना चौक के पास बाइक सवार दो युवक कट मारकर निकले रहे थे। आरक्षक ने कट मारने से मना किया तो दोनों युवक विवाद कर अपने साथियों को बुला लिया। उसके बाद सरेराह आरक्षक पर लाठी, राड से जान लेवा किया गया था।

# लोन दिलाने का झांसा देकर किसान से 4 लाख 50 हजार की ठगी

बिलासपुर। व्यावसाय करने के लिए लोन दिलाने का झांसा देकर किसान से 4 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम सारधा निवासी अमित कुमार निर्णजक 36 साल खेती किसानी करते हैं। उनकी ग्राम झाल निवासी मनोहर रात्रे से जान पहचान थी। उसने किसान को सरकारी योजना के तहत 6 लाख रुपए व्यावसायिक लोन दिलाने का झांसा दिया। भरोसा दिलाने के बाद मनोहर रात्रे ने किसान से आधार कार्ड पैनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कापी के साथ एक चेक भी बतौर गारंटी लिया। इसके बाद भी उन्हें कोई लोन मिला, किन्तु 4 अप्रैल को उनके बैंक खाते से 4.50 लाख रुपए ट्रांसफर हो गए। उन्होंने बैंक में जाकर जांच कराई तो पता चला उनके बैंक खाते से उक्त रकम मनोहर रात्रे के कैनरा बैंक, शाखा चकरभाठा के खाते में ट्रांसफर हुई है। किसान मनोहर रात्रे से संपर्क करने का प्रयास किया, किन्तु उसका मोबाइल लगातार बंद मिल रहा है। उसके गांव जाने पर भी उसका पता नहीं चला। किसान ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने किसान की रिपोर्ट पर मनोहर रात्रे के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन सशक्तिकरण, विकास यात्रा और जनसेवा पर हुआ मंथन



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री व महापौर तथा अन्य।

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एकात्म परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में एक कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठनात्मक मजबूती, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और देश-प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ राज्य को मिल रही नवगति विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की सरकार के प्रयासों से छत्तीसगढ़ अब विकास की नई राह पर अग्रसर है। उन्होंने औद्योगिक विकास, रोजगार के नए अवसर, निवेश को आकर्षित करने वाली नीतियों और बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति की जानकारी दी। श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता आम जनता की भलाई है, और आज छत्तीसगढ़ में बदलाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने भाजपा का इतिहास व विकास यात्रा विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक राजनीतिक नहीं, बल्कि यह एक विचारधारा और आंदोलन है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। उन्होंने जनसंघ से लेकर अब तक भाजपा की यात्रा, संघर्षों और सफलताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि यह पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर ही आज दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। चाहे बात महिला सशक्तिकरण की हो, स्वच्छता मिशन की, डिजिटल इंडिया की या आधारभूत संरचना के विस्तार की हर क्षेत्र में भारत ने विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी मिशन आदि की उपलब्धियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को भाजपा की कार्यशैली, संगठनात्मक ढांचे और आगामी रणनीतियों से अवगत कराया गया। समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, जोगेश लांबा, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, धीरेंद्र यादव, मनीष मिश्रा, ईश्वर साहू, राजेश राठौर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन सरजू अजय ने तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र देवांगन ने किया।

### दीपका में श्रम अन्न केंद्र का श्रम मंत्री ने किया शुभारम्भ



वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखन लाल देवांगन ने दीपका में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न केंद्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर श्रमिक भाई-बहनों को योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 13 जिलों में कुल 46 केंद्र का संचालन प्रारंभ किया जा चुका है, आने वाले कुछ महीनों में शेष जगहों पर भी केंद्र का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि श्रमिक नगरी कोरबा में अब तक तीन स्थान बालको, बुधवारी बाजार कोरबा व दीपका में केंद्र का संचालन किया जा चुका है, इससे श्रमिकों को सिर्फ 5 रुपए में भरपेट भोजन की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र दीपका के श्रमिक भाई बहनों को बहुत बड़ी सौगात आज मंत्री श्री देवांगन ने दी है। दीपका के हजारों श्रमिकों को इससे बहुत लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, श्रीमती मीना शर्मा, कोरबा निगम के पार्षद नरेंद्र देवांगन, द्वारिका शर्मा, बुधवारा देवांगन, अरुणीश तिवारी, सुजीत कुमार, श्रम विभाग के अधिकारी गण सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वकील के सिर पर शराब की बोतल से हमला

बिलासपुर। बीती रात घर जा रहे वकील को रोककर एक युवक ने शराब की बाटल से सिर पर हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी वकील शिवम तिवारी पिता प्रदीप तिवारी 9 अप्रैल को रात 12.30 बजे एक्टिवा में महाराणाप्रताप चौक से घर रहे थे। शराब दुकान के पास अजय खाण्डेकर ने उन्हें आवाज लगाई। वे उनके पास गए तो अजय खाण्डेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए शराब की बोतल से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने वकील श्री तिवारी की रिपोर्ट पर हमलावर अनिल खाण्डेकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बांगो के बाद पाली क्षेत्र से 35 नग बकरा ले उड़े चोर

**कोरबा।** जिले में मकान दुकान में चोरी का सिलसिला जहां बदस्तूर जारी है तो वहीं दूसरी ओर बकरा बकरी चोरी करने वाला गिरोह भी जिले में लगातार बकरा चोरी कर रहे हैं। नया मामला पाली क्षेत्र में सामने आया हैं जहां बकरा चोरों ने एक ग्रामीण के कोठार में बंद लगभग 35 नग बकरा की चोरी कर ली है। मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद कर लिया है।

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगानाला निवासी सुख सिंह उम्र 40 वर्ष पिता सुभराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 8 अप्रैल को अपने बकरी-बकरा को शाम को चरा कर बकरा-बकरी को कोठा में बंद कर खाना खा कर सो गया था। जमुना पाली, नस्ल का बिल्ला लगा हुआ, करीब 35 नग बकरा बकरी एंव करीब 15 नग देशी बकरी-बकरी एवं बकरी के बच्चे थे, जिसे रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जिससे सुख सिंह को लगभग 85 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। सुख सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4) 305 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। एक दिन पहले ही बांगो थाना क्षेत्र में बकरा चोरी का मामला सामने आया था जहां चोरों ने लग्जरी गाड़ी में पहुंचकर बकरा की चोरी की थी। पिछले कुछ दिनों में जिले में बकरा चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आ चुकी है। पुलिस द्वारा सभी मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

# परीक्षा में पास कराने का झांसा देकर की जा रही धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

परीक्षा में पास कराने या अंक बढ़वाने के नाम पर आने वाले किसी भी अज्ञात कॉल, मैसेज या ईमेल से सावधान रहने के लिए पुलिस ने आम जनता से अपील की है। हाल ही में यह देखा गया है कि परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा में मानसिक तनाव से जूझ रहे छात्रों एवं उनके पालकों को निशाना बनाकर कुछ साइबर अपराधी खुद को शिक्षा बोर्ड या स्कूल प्रबंधन का अधिकारी बताकर ठगी का प्रयास कर रहे हैं। यह असामाजिक तत्व विद्यार्थियों को परीक्षा में पास कराने या अच्छे अंक दिलाने का झांसा देकर अभिभावकों से पैसे ऐंठने की कोशिश करते हैं। जिला पुलिस स्पष्ट करती है कि इस प्रकार की कोई प्रक्रिया न तो वैध है और न ही किसी अधिकृत माध्यम से संचालित की जाती है। किसी भी अज्ञात कॉल या मैसेज में किए गए दावों पर विश्वास न करें। शिक्षा मंडल या किसी सरकारी संस्था की ओर से इस प्रकार की कोई सेवा नहीं दी जाती है। किसी भी संदिग्ध बातचीत, कॉल, या मैसेज का स्क्रीनशॉट, रिकॉर्डिंग आदि सुरक्षित रखें। ऐसी किसी भी ठगी की कोशिश की तुरंत सूचना थाना में दें।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## दर्री जोनांतर्गत आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे उद्योग मंत्री

# समस्याएं हल कराने सुशासन तिहार बेहतर माध्यम

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के शहरी व ग्रामीण अंचलों में आयोजित किया जा रहा सुशासन तिहार-2025 आमजन की समस्याओं व शिकायतों के निराकरण तथा जनताजनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप हमारी सरकार सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य कर रही है, जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ सरकार की छबि एक जनहितैषी सरकार के रूप में अंकित हुई है।

उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन गुरूवार को नगर निगम के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे। उन्होंने शिविर का निरीक्षण किया, वार्डवार स्थापित काउंटरों का अवलोकन करते हुए आमजन द्वारा समस्याओं, शिकायतों व मांग संबंधी प्रस्तुत आवेदन पत्रों की जानकारी ली। श्री देवांगन ने आमनागरिकों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों, समस्याओं व मांगों पर चर्चा की। उनके संतुष्टिपूर्ण निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे दिन नगर निगम के कोरबा जोन कार्यालय, टीपी नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन कार्यालयों में सुशासन तिहार शिविर आयोजित किए गए। दर्री जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, सुखविंदर कौर, नरेन्द्र पाटनवार, नारायण सिंह ठाकुर, ईश्वर साहू, मनोज लहरे, मीना शर्मा आदि उपस्थित थे।



शिविर का निरीक्षण करते उद्योग मंत्री।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour



23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411